नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 08.08.2022

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आजादी के **अमृत महोत्सव** के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा आज दिनांक 08 अगस्त, 2022 दिन सोमवार को काकोरी घटना स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर 'क्रांतिकारी आन्दोलन के द्वितीय चरण का साहसिक कदम–काकोरी घटना' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता श्री अनूप कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग ने विषय को स्पष्ट करते हुए बताया कि अंग्रेजी शासन व्यवस्था को उखाड़ फेंकने तथा भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु प्रथम बार हिन्दुस्तान रिपब्लिकन आर्मी ने धन एकत्र करने हेतु बड़ी कार्यवाही की। क्रान्तिकारियों द्वारा 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ के पास काकोरी ग्राम में '8 डाउन पैसेंजर ग्राड़ी को रोककर सरकारी खजाना लूट लिया गया। इस घटना से अंग्रेजी सरकार बेहद क्षुब्ध हुई तथा काकोरी घटना के केस में 04 प्रमुख क्रांतिकारियों यथा–राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी, रोशन सिंह तथा अशफाक उल्ला खाँ को क्रमशः गोरखपुर, गोंडा, प्रयागराज तथा फैजाबाद में फाँसी दे दी गयी। इसमें एक अभियुक्त चन्द्रशेखर आजाद भी थे जो फरार हो गये। उन्होंने यह भी बताया कि क्रांतिकारियों के इस बलिदान को जीवित रखने हेतु सरदार भगत सिंह ने 09 अगस्त को काकोरी स्मृति दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा शुरू की।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन डॉ. अर्चना गुप्ता, सहायक आचार्य इतिहास विभाग ने किया। कार्यक्रम में श्री अभिषेक त्रिपाठी, अध्यक्ष इतिहास विभाग तथा श्री जितेन्द्र कुमार प्रजापति, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग सहित विभाग के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहें।

**(डॉ. सुधा शुक्ल)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी